https://www.upboardonline.com

अनुक्रमांक ....

नाम ....

प्रश्न–पुस्तिका
चतुर्थ सेमेस्टर – 2016

PNP-BTC-(IV)-2013 (II)

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशासन)

समय : 2.00 घण्टा] [पूर्णांक : 50

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं ।
2. इस प्रश्न पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. कक्षा–कक्ष एवं कक्षा–कक्ष के बाहर किसी सार्थक क्रिया कलाप को सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक है – 1

(1) टी. एल. एम. बनाना

(2) पेड़–पौधे लगाना

(3) मैदान की स्वयं सफाई करना

(4) योजना बनाना

2. मानवीय प्रबन्धन के घटक हैं – 1

(1) विद्यालय–भवन

(2) पुस्तकालय

(3) फर्नीचर

(4) शिक्षक, बच्चे और समुदाय

3. समस्या–समाधान का प्रमुख अंग है – 1

(1) शिक्षण–प्रक्रिया

(2) निर्णयन--प्रक्रिया

(3) अधिगम–प्रक्रिया

(4) अनुशासन–प्रक्रिया

4. विद्यालय में भवन, फर्नीचर, पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्था की जा सकती है – 1

(1) ग्राम–शिक्षा–समिति द्वारा

(2) अभिभावक–शिक्षक संघ द्वारा

(3) समुदाय द्वारा

(4) उपर्युक्त तीनों के सहयोग द्वारा

5. एन.सी.ई.आर.टी. (N.C.E.R.T.) स्थित है– 1

(1) चेन्नई में

(2) लखनऊ में

(3) नई दिल्ली में

(4) कोलकाता में

[Turn Over

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

6. ग्राम–शिक्षा–समिति के गठन के लिए आवश्यक है – 1
   (1) एक महिला का होना
   (2) दो महिलाओं का होना
   (3) तीनों का महिला होना
   (4) महिला का होना आवश्यक नहीं है

7. 'लो–कॉस्ट', 'नो कॉस्ट' वाली 'शिक्षण–अधिगम–सामग्री' का निर्माण किया जा सकता है– 1
   (1) बाजार से वस्तुएँ क्रय करके
   (2) शासन द्वारा प्राप्त सामग्री से
   (3) स्थानीय परिवेश में उपलब्ध वस्तुओं से
   (4) प्रधानाचार्य द्वारा प्राप्त करायी गई सामग्री से

8. प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को पाठ्यपुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती हैं – 1
   (1) भारत–सरकार द्वारा
   (2) राज्य–सरकार द्वारा
   (3) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा
   (4) अभिभावक द्वारा

9. कक्षा एक में कुल निर्धारित पाठ्यपुस्तकें हैं – 1
   (1) एक
   (2) दो
   (3) तीन
   (4) चार

10. प्रदेश में 'संस्कृत' विषय का पठन–पाठन किस–कक्षा से प्रारम्भ किया गया है – 1
    (1) कक्षा एक से
    (2) कक्षा तीन से
    (3) कक्षा पाँच से
    (4) कक्षा छह से

11. समय–सारणी दर्शाती है – 1
    (1) बच्चों की अधिगम प्रक्रिया को
    (2) शिक्षक की शिक्षण प्रक्रिया को
    (3) प्रधानाध्यापक के नेतृत्व को
    (4) सभी क्रियाकलापों को

12. पाठ्यसहगामी–क्रियाकलापों के संचालन का दायित्व सौंपना चाहिए – 1
    (1) शिक्षकों को
    (2) अभिभावकों को
    (3) बच्चों को
    (4) जिला विद्यालय निरीक्षक को

13. प्रत्येक जनपद में कार्यरत जिला–समन्वयक अधीन होते हैं – 1
    (1) जिला विद्यालय निरीक्षक के
    (2) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के
    (3) डायट प्राचार्य के
    (4) जिलाधिकारी के

14. 'राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्' का मुख्यालय स्थित है – 1
    (1) इलाहाबाद में
    (2) वाराणसी में
    (3) लखनऊ में
    (4) मेरठ में

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

15. जिला स्तर की सर्वोच्च अकादमिक संस्था है – 1
    (1) डायट
    (2) सीमैट
    (3) एस.सी.ई.आर.टी.
    (4) बी.आर.सी.

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

16. प्रबन्धन–प्रक्रिया के अंग कौन–कौन से हैं ? 1

17. विद्यालयीय–प्रबन्धन के अन्तर्गत कौन–कौन से भौतिक–संसाधन आते हैं ? 1

18. मानवीय–प्रबन्धन के प्रमुख घटक बताइए। 1

19. 'लर्निग–कॉर्नर' से आप क्या समझते हैं ? 1

https://www.upboardonline.com

20. कक्षा दो में पढ़ाई जाने वाली पाठ्यपुस्तकों की संख्या तथा नाम बताइए। 1

21. पाठ्यपुस्तकों के विकास में किन–किन बिन्दुओं का विशेषरूप से ध्यान रखा जाता है ? 1

22. सामान्य विद्यालय में कम से कम कौन–कौन सी समय–सारणी वनाई जाती हैं ? 1

23. बच्चों से 'प्रॉजेक्ट–कार्य' कराने की उपयोगिता वताइए। 1

24. 'शैक्षिक–भ्रमण' का महत्व बताइए। 1

25. खेलकूद से बच्चों में किन पक्षों का विकास होता है ? 1

26. शिक्षकों से सम्बन्धित पंजिकाओं के नाम लिखिए। 1

27. वित्तीय अभिलेख कौन–कौन से हैं ? 1

28. बी.आर.सी. तथा एन.पी.आर.सी. में क्या अन्तर है ? 1

29. 'सार्वभौमीकरण' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

30. उत्तर–प्रदेश के 'राज्य परियोजना कार्यालय' का मुख्यालय कहाँ स्थित है ? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

31. विद्यालय में प्रबन्धन–प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डालिए। 2

32. विद्यालय–भवन को आकर्षक बनाने में समुदाय की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 2

33. बच्चों की शारीरिक–अभिवृद्धि को ध्यान में रखकर कुर्सी एवं डेस्क की व्यवस्था की जाती है, क्यों ? स्पष्ट कीजिए। 2

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

34. विद्यालय में शौचालय की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालिए। 2

35. मानवीय–प्रबन्धन क्यों आवश्यक है ? इसमें किन–किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक हैं ? 2

36. "विद्यालय, अभिभावक और समुदाय के बीच एक अन्तर्सम्बन्ध है।" इसे स्पष्ट कीजिए। 2

37. सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में वित्तीय–प्रबन्धन किस प्रकार सहायक है ? स्पष्ट कीजिए। 2

38. 'समय–सारणी एक ऐसा चार्ट है, जो विद्यालय में किए जाने वाले सभी कार्य–कलापों को दर्शाता है।' सहमति के आधार पर व्याख्या कीजिए। 2

39. विद्यालय में पाठ्य सहगामी–क्रिया कलापों का आयोजन क्यों आवश्यक है ? बिन्दुवार विवरण लिखिए। 2

40. समेकित शिक्षा क्या है ? इस सन्दर्भ में जिला समन्वयक के मुख्य दायित्व बताइए। 2

*****

https://www.upboardonline.com